गौरा जी के लाल गणेश को पूजे सारी दुनिया

गौरा जी के लाल गणेश को, पूजे सारी दुनिया ||

मैल से गौरा जी ने पुतला बनाया,
शक्ति से उनको जीवित कराया.....-2
खड़ा किया द्वारे गणेश को || पूजे सारी दुनिया,
गौरा जी के लाल गणेश को......

जब आये भोले भंडारी,
देख के गणेश को हैरान हुए भारी.....-2
मार दिया शिव ने गणेश को || पूजे सारी दुनिया,
गौरा जी के लाल गणेश को......

ये क्या किया है तूने मेरे स्वामी,
पूत को मारा मेरे अन्तर्यामी.....-2
काटे जो जगत के कलेश को || पूजे सारी दुनिया,
गौरा जी के लाल गणेश को......

सबसे पहले गणेश जी की पूजा,
सब देवो में देव ना दूजा.....-2
शीश झुकाऊँ गणेश को || पूजे सारी दुनिया,
गौरा जी के लाल गणेश को......

शिव शंकर ने गण को बुलाया,
हाथी का सर उसके मस्तक लगाया.....-2
जीवित किया है गणेश को || पूजे सारी दुनिया,
गौरा जी के लाल गणेश को......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23501/title/gaura-ji-ke-laal-ganesh-ko-puje-sari-duniya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |